**प्रेसनोट दिनांक 18.06.2026**

**थाना क्योलड़िया जनपद बरेली**

**थाना क्योलड़िया #bareillypolice द्वारा विद्युत तार चोरी करने वाले 06 शातिर अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक अभियुक्त घायल, अवैध असलहा, वाहन एवं भारी मात्रा में विद्युत तार बरामद ।**

थाना क्योलड़िया पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस मुठभेड़ में 06 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए, जिनमें एक अभियुक्त पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा, चोरी का विद्युत सामान, वाहन एवं उपकरण बरामद किए गए।

**घटना का विवरणः-**

दि0 17.06.2026 की रात्रि थाना क्योलड़िया पुलिस शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल रंग की KUV100 कार में सवार एक गिरोह विद्युत तार चोरी की घटनाओं में संलिप्त है, जो हाल ही में थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में भी घटनाएं कर चुका है तथा वर्तमान में धनौर जागीर क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा धनौर जागीर जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की गई। संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास करने पर अभियुक्तों ने वाहन बैक कर भागने का प्रयास किया तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हो गया। पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर मौके से 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा बाद में अन्य स्थान से इनके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। प्रकरण में थाना क्योलड़िया पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 219/2026 धारा 312/313/109(1)/3(5)/317(5) BNS, 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना क्योलड़िया, बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. मो0 आसिफ पुत्र नन्हे निवासी अर्शिया भोज थाना बहेड़ी जनपद बरेली (22 वर्ष, पैर में गोली लगने से घालय)
   मु 5/4 आईपीसी व 376 धारा 2019/448 0सं0अ0पॉक्सो एक्ट थाना बहेड़ी जनपद बरेली
   मु)354/324/323/307/149/148/147 धारा 2021/964 0सं0अ0क (ख),(IPC,5/4 POCSO थाना बहेड़ी
2. मो0 हसीन पुत्र मो0 इजराइल निवासी करमपुर चौधरी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
   मु 0सं0अ0376/2023 धारा आईपीसी थाना भमौरा 427/337/279 जनपद बरेली
3. इस्तिकार पुत्र मौ0 इस्लाम निवासी ग्राम आमखेड़ा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत
4. मुजम्मिल पुत्र शम्सुर अहमद निवासी ग्राम अर्शियाभोज थाना बहेड़ी जनपद बरेली
5. मोहम्मद रेहान पुत्र तुफैल अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली
6. आसिफ पुत्र बसीर अहमद अहमद पुत्र जमील अहमद नि० ग्राम मन्डनपुर सुमाली थाना बहेड़ी जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

- बोर 315 अवैध तमंचा 01, खोखा कारतूस 01, जिन्दा कारतूस 01
- बोर 12 अवैध तमंचा 01, खोखा कारतूस 01, जिन्दा कारतूस 01
- कार महिन्द्रा 01KUV) 100लाल रंग(
- (सफेद रंग) बोलेरो वाहन 01

- विद्युत तार काटने के उपकरण 10)ब्लेड, आरी 02, पेचकस 02, प्लास 01, इलेक्ट्रिक टेप 01, रिंच 03, 03 पाना, तार काटने की मशीन आदि(
- भारी मात्रा में विद्युत तार33) केबल/KV एवं 11KV सहित लगभग (कुन्तल 07
- लीटर ट्रांसफार्मर तेल 05, तांबे का तार
- मोबाइल फोन 5, ₹नगद 3650

**पूछताछ विवरणः-**

अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे संगठित गिरोह बनाकर विद्युत तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं और चोरी किए गए सामान को बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि वे पिछले कई दिनों से क्षेत्र में विद्युत तार चोरी की योजना बना रहे थे और पुलिस पर फायरिंग भी इसी दौरान की गई।

**पुलिस टीमका विवरणः-**

प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
उनि0 सौरव यादव थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
उ0नि0 अरिमर्दन सिंह थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
उ0नि0 राजेन्द्र सिंह थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
हे0कां0 नवीन कुमार थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
कां0 सुमित कुमार थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
कां0 सचिन कुमार थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
कां0 लकी सोलंकी थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
कां0 श्रवण कुमार थाना क्योलड़िया जनपद बरेली
का0 राजीव कुमार थाना क्योलड़िया जनपद बरेली